# आईसीएफएआई विश्वविद्यालय रायपुर में एचआर कॉन्क्लेव का हुआ सफल आयोजन

पायनियर संवाददाता ◀ कुम्हारी

www.dailypioneer.com



आईसीएफएआई विश्वविद्यालय, रायपुर ने 20 सितंबर 2024 को एचआर कॉन्क्लेव का सफल आयोजन किया। इस कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों के एचआर विशेषज्ञों ने शिरकत की। मंच पर उपस्थित प्रमुख अतिथियों में सतेन्द्र श्रीवास्तव, निदेशक, एनआईबीएफ, डॉ. श्रीजीत पनिकर, ट्रेनिंग हेड, टेकमेंट टेक्नोलॉजी, कुहू शर्मा, एचआर हेड, टेकमेंट टेक्नोलॉजी, फराज सैयद, रिक्रूटमेंट मैनेजर, ऑगटेक नेक्स्टवेल्थ और साक्षी द्विवेदी, सीनियर एचआर एक्जीक्यूटिव, ऑगटेक नेक्स्टवेल्थ शामिल थे। एचआर कॉन्क्लेव के आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्रों को उद्योग जगत की आवश्यकताओं और रुझानों से अवगत कराना है। इसका मकसद छात्रों को पेशेवर दुनिया के वास्तविक दृष्टिकोण से जोड़ना और उन्हें रोजगार के अवसरों के लिए तैयार करना है। साथ ही कॉन्क्लेव के जरिए छात्रों को विशेषज्ञों के अनुभवों और मार्गदर्शन का लाभ मिलता है, जिससे वे अपने करियर में सही दिशा में कदम बढ़ा सकें। यह आयोजन कंपनियों और छात्रों के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का भी एक महत्वपूर्ण माध्यम है। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट अधिकारी अभिनव दास और एसोसिएट डीन प्रो. डी. शाडंगी द्वारा किया गया। उन्होंने कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह छात्रों के करियर विकास के लिए एक सुनहरा अवसर है, जहां उन्हें उद्योग विशेषज्ञों से सीधे संवाद करने का मौका मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति प्रो. (डॉ.) एस. पी. दुबे द्वारा किया गया, जिन्होंने अपने उद्घाटन भाषण में इस प्रकार के कार्यक्रमों के महत्व को विस्तार से समझाया और कहा कि यह छात्रों को उद्योग जगत की आवश्यकताओं से परिचित कराता है। कुलसचिव प्रो. (डॉ.) मनीष उपाध्याय ने धन्यवाद ज्ञापन देते हुए मुख्य अतिथियों का आभार व्यक्त किया और उन्हें छात्रों को मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए धन्यवाद दिया। इस कार्यक्रम की सफलता में डॉ. शुभ्रा तिवारी, डॉ. रमेश यादव, देवांशु यादव, अनिल वैष्णव और आईटी टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा।